5. The EMD and other deposits shall be remitted through EFT / NEFT / RTGS to the Bank account as specified above and the amount of EMD paid by the interested bidder shall carry no interest. The amount of EMD paid by the successful bidder shall be adjusted towards the sale price.
6. Bids without EMD shall be rejected summarily.
7. Online auction sale will start automatically on and at the time as mentioned above. Auction / bidding will initially be for a period of 120 minutes with auto extension time of 10 minutes each till the sale is concluded.
8. The property shall be sold to the successful bidder. The successful bidder (purchaser) as declared by the Authorised Officer shall deposit 25% of the sale price (inclusive of the EMD) immediately on the same day and not later than the next working day. The balance amount of sale price shall be paid within 15 days from the date of confirmation of auction sale. Failure to remit the entire amount of sale price within the stipulated period will result in forfeiture of deposit of 25% of the bid price to the secured creditor and forfeiture of all claims over the property by the purchaser and the property will be resold.
9. The sale certificate will be issued in the name of the purchaser only, after payment of the entire sale price amount and other taxes/charges, if any.
10. The purchaser shall bear the charges/ fee payable for conveyance such as registration fee, stamp duty, etc., as applicable as per law.
11. The Authorized Officer has the absolute right to accept or reject any bid or postpone or cancel the sale, as the case may be without assigning any reason whatsoever.
12. The property is being sold on **"As is Where is", "As is what is"**, and **"Whatever there is "basis.** The Bank has disclosed only the known encumbrances, statutory liabilities, if any, as above. However, the intending bidders should make their own independent inquiries at their own costs with concerned co-operative housing societies/SRO as well as the Revenue Records regarding the title, nature, description, condition, encumbrance, lien, charge, statutory dues, etc of properties put on auction and claims/rights/dues affecting to the properties, prior to submitting their bid. The properties are being sold with all the existing and future encumbrances whether known or unknown to the bank. The Authorized Officer/Secured Creditor shall not be responsible in any way for any third party claims/rights/dues.
13. Sale is subject to confirmation by the secured creditor.
14. EMD of unsuccessful bidders will be returned through EFT / NEFT / RTGS to the bank account details provided by them in the bid form and intimated via their e-mail id.
15. For detailed terms and conditions of the sale, please refer to the link provided on Indian Overseas Bank's website **i.e. www.iob.in [https://www.iob.in/TenderDetails.aspx?Tendertype=E_Auction] or https://ibapi.in**

**Date: 08.02.2022** **Authorised Officer, Indian Overseas Bank**

---

# VIKALP SECURITIES LIMITED

**Regd. Office: 25/38, KARACHI KHANA, KANPUR, UTTAR PRADESH-208001**
**CIN - L65993UP1986PLC007727, Contact No: 0512-2372665**
**Email id : vikalpsecuritieslimited@gmail.com**
**Website : www.vikalpsecurities.com**

**EXTRACT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 31st DECEMBER, 2021**

Rs. In Lacs except EPS

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | Nine Months Ended | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2021 (Unaudited) | 30.09.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.12.2021 (Unaudited) | 31.12.2020 (Unaudited) | 31.03.2021 (Aaudited) |
| 1. | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 0.21 | -0.22 | 0.08 | -0.47 | -1.51 | -0.69 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 0.21 | -0.22 | 0.08 | -0.47 | -1.51 | -0.69 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and and / or Extraordinary items) | 0.21 | -0.22 | 0.08 | -0.47 | -1.51 | -0.69 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period(after Tax) and other Comprehensive Income(after Tax)] | 2.30 | -0.17 | 0.08 | 1.69 | -1.25 | 0.75 |
| 6. | Equity share capital(Face value of Rs.10/-each | 305.19 | 305.19 | 305.19 | 305.19 | 305.19 | 305.19 |
| 7. | Reserves (Excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance sheet of the Previous year | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8. | Basic and diluted EPS ( Not Annulized ) (Rs.) | | | | | | |
| | Basic | 0.01 | -0.01 | 0.00 | -0.02 | -0.05 | -0.02 |
| | Diluted | 0.01 | -

# गृह मंत्री ने ओवैसी से जेड श्रेणी की सुरक्षा स्वीकार करने का आग्रह किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 फरवरी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआइएमआइएम) के प्रमुख और हैदराबाद से लोकसभा के सदस्य असदुद्दीन ओवैसी से अनुरोध किया कि केंद्र सरकार की ओर से उन्हें जो सुरक्षा मुहैया कराई गई है, उसे वह स्वीकार कर लें। राज्यसभा में एक बयान में शाह ने उत्तर प्रदेश में ओवैसी के काफिले पर हुए हमले की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि उनके खतरे का पुनर्मूल्यांकन करने के बाद और खतरे के आकलन के आधार पर ओवैसी को बुलेट प्रूफ कार के साथ ही अखिल भारतीय स्तर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है।

गृह मंत्री ने कहा कि हमारे पास मौखिक सूचना ओवैसी के द्वारा भेजी गई कि उन्होंने अभी भी सुरक्षा लेने से इनकार किया है। मैं सदन के माध्यम से ओवैसी से विनम्र विनती करना चाहूंगा कि वह तत्काल सुरक्षा ले लें और हम सबकी चिंता का समाधान करें। शाह



*अमित* शाह ने सोमवार को एआइएमआइएम के प्रमुख पर हुए हमले के संबंध में संसद में बयान दिया।

ने कहा कि पहले भी कई मौकों पर केंद्रीय सुरक्षा एजंसियों के खतरे के आकलन के आधार पर ओवैसी को सुरक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र ने निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ओवैसी द्वारा सुरक्षा लेने की अनिच्छा के कारण दिल्ली पुलिस और तेलंगाना पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षा देने का प्रयास सफल नहीं हो पाया।

गृह मंत्री ने कहा कि तीन फरवरी को शाम लगभग 5:20 बजे ओवैसी मेरठ के किठौर से जनसंपर्क कार्यक्रम करने के बाद दिल्ली लौट रहे थे और जब उनका काफिला छिजारसी टोल प्लाजा, पिलखुवा से गुजर रहा था तो दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनके काफिले पर गोलियां चलाई गईं। उन्होंने कहा कि इस घटना में ओवैसी सुरक्षित बच गए, लेकिन उनके वाहन के निचले हिस्से में तीन गोलियों के निशान देखे गए और इसे तीन गवाहों द्वारा देखा भी गया। उन्होंने कहा कि मामले में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और इसकी विवेचना की जा रही है। शाह ने इस अवसर पर भी कहा कि ओवैसी का पूर्व से कोई कार्यक्रम तय नहीं था और न ही आवागमन के बारे में उनकी ओर से कोई पूर्व सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को दी गई थी।

विवेचना के क्रम में स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और उनसे दो अनधिकृत पिस्तौल और एक कार बरामद की गई। शाह ने कहा कि घटनास्थल और वाहन का अपराध विज्ञान दल द्वारा सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। गृह मंत्री ने कहा कि दोनों अभियुक्तों से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है और जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में और सामान्य है तथा वहां कड़ी सतर्कता भी बरती जा रही है।

# राजस्थान सरकार ने 'रीट' परीक्षा निरस्त की

जयपुर, 7 फरवरी (भाषा)।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) की लेवल-2 परीक्षा निरस्त करने की घोषणा करते हुए सोमवार को कहा कि यह परीक्षा अब नए सिरे से होगी।

गहलोत ने रीट परीक्षा का पर्चा लीक होने के मामले की जांच के बीच यह घोषणा की है। अपने निवास पर कैबिनेट की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में गहलोत ने कहा, 'आज हमने रीट लेवल-2 की परीक्षा निरस्त करने का फैसला लिया है। लेवल-2 की परीक्षा रद्द कर नए सिरे से परीक्षा करवाई जाएगी।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रीट के लिए भारत सरकार की पुरानी प्रणाली... पहले प्राथमिक परीक्षा और उसके बाद मुख्य परीक्षा... ला रहे हैं। साथ ही गहलोत ने कहा, 'रीट के जरिए की जाने वाली भर्तियों की संख्या 32,000 से बढ़ाकर 62,000 किया जाएगा। इनमें लेवल-1 और लेवल-2 दोनों शामिल हैं।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्चा लीक व प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल आदि रोकने के लिए कड़ा कानून विधानसभा में लाएगी। गहलोत ने ट्वीट किया, 'मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कैबिनेट

बैठक में रीट लेवल-2 की परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया गया है। लेवल-1 की प्रक्रिया पूर्ववत जारी रहेगी। अब दोनों लेवल मिलाकर कुल 62,000 पदों के लिए भर्ती होगी। रीट परीक्षा में गड़बड़ी की जांच एसओजी कर रही है। हमारी सरकार हर दोषी को सजा दिलाकर युवाओं के साथ न्याय सुनिश्चित करेगी।' उल्लेखनीय है कि राजस्थान में तृतीय श्रेणी के लगभग 31,000 अध्यापकों के लिए राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 26 सितंबर को करवाई गई थी। दो स्तरों के अध्-यापकों के लिए यह परीक्षा दो अलग-अलग पारियों में हुई जिसमें कुल मिलाकर एक ही दिन में 20 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठे। हालांकि लेवल-2 का पर्चा लीक होने के कारण परीक्षा का आयोजन विवादों में आ गया था। इसकी जांच एसओजी कर रहा है।

# भारत और श्रीलंका द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाएंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 फरवरी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने श्रीलंकाई समकक्ष जीएल पेइरिस के साथ वार्ता की। इसमें श्रीलंका की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने, द्विपक्षीय व्यापार व निवेश बढ़ाने के लिए कदम उठाने और मछुआरों का विवादास्पद मुद्दा शामिल है।

श्रीलंका को भारत द्वारा 50 करोड़ डालर की ऋण सहायता दिए जाने के कुछ दिनों बाद यह वार्ता हुई है। पेइरिस तीन दिनों की आधिकारिक यात्रा पर रविवार को दिल्ली पहुंचे थे। इस बारे में जयशंकर ने ट्वीट किया, 'श्रीलंका के विदेशमंत्री जीएल पेइरिस के साथ सार्थक वार्ता हुई। आर्थिक एवं निवेश पहलों पर चर्चा हुई जो इस वक्त श्रीलंका को मजबूती प्रदान करेगा। श्रीलंका की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के अतिरिक्त कदमों पर भी जोर दिया गया।' विदेश मंत्री ने मछुआरों के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि इस बात पर सहमति बनी है कि इसके लिए द्विपक्षीय तंत्र को शीघ्र बैठक करनी चाहिए और व्यापक संपर्क के जरिए दोनों देशों के लोगों के बीच संबंध के महत्व का जिक्र किया गया। जयशंकर ने कहा, 'मछुआरों के मुद्दे पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया और सहमति बनी कि द्विपक्षीय तंत्र को शीघ्र बैठक करनी चाहिए।

# न्यूनतम कार्यकाल पूरा कर चुके सतर्कता अधिकारियों का तबादला करें : सीवीसी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 फरवरी।

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने केंद्र सरकार के सभी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जून 2020 तक ऐसे अधिकारियों का तबादला करने का निर्देश दिया है, जो उनकी निगरानी इकाइयों में न्यूनतम कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। भ्रष्टाचार निरोधक एजंसी ने अपने आदेश में कहा कि किसी संगठन की सतर्कता इकाई में एक अधिकारी की प्रारंभिक तैनाती सिर्फ तीन साल की अवधि के लिए होनी चाहिए।

आदेश के मुताबिक, जरूरी समझे जाने पर सतर्कता अधिकारी का कार्यकाल न्यूनतम तीन महीने और अधिकतम दो साल के लिए केवल समीक्षा के बाद बढ़ाया जा सकता है, जो उसकी दक्षता, अखंडता और हाथ में मौजूद काम को पूरा किए जाने की आवश्यकता पर आधारित होगी। केंद्र सरकार के सभी विभागों के सचिवों और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रमुखों सहित अन्य को जारी आदेश में आयोग ने निर्देश दिया है कि संबंधित संगठनों द्वारा उन अधिकारियों/कर्मचारियों की पहचान करने की कवायद 31 मार्च 2022 तक पूरी की जा सकती है, जिन्होंने सतर्कता इकाई में तीन साल/पांच साल (31.03.2022 तक) का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

आदेश में कहा गया है कि यदि किसी अधिकारी/कर्मचारी की सेवा की आवश्यकता तीन साल से अधिक समय के लिए जरूरी हो तो ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों की पहचान कर सतर्कता इकाई में उनके प्रतिधारण की प्रक्रिया (न्यूनतम तीन महीने की अवधि और अधिकतम दो वर्ष तक) 31 मार्च 2020 तक पूरी कर ली जानी चाहिए। सीवीसी ने स्पष्ट किया है कि जो अधिकारी/कर्मचारी 31 मार्च 2022 तक तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं और उन्हें सेवा विस्तार देने के बारे में विचार नहीं किया जा रहा है, उनका तबादला 30 जून 2022 तक कर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा, जिन अधिकारियों/कर्मचारियों ने 31 मार्च 2022 तक पांच साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है, सतर्कता इकाई से उनके स्थानांतरण की कवायद भी 30 जून 2022 तक पूरी कर ली जानी चाहिए।

# यूपी : समाजवादी पार्टी ने 24 और उम्मीदवारों का एलान किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 फरवरी।

समाजवादी पार्टी ने सोमवार को 24 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी। गोरखपुर सीट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने भाजपा के दिवंगत नेता उपेंद्र दत्त शुक्ला की पत्नी सुभावती शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है।

सपा की नई सूची में छह ब्राह्मण, चार कुर्मी, तीन यादव, तीन दलित, दो ठाकुर, दो मुसलिम उम्मीदवार हैं। गोरखपुर सीट से सपा की उम्मीदवार सुभावती शुक्ला चर्चा में हैं। वर्ष 2017 में योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने पर गोरखपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में उपेंद्र दत्त शुक्ला चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पडा। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने यहां से रवि किशन शुक्ल को टिकट दे दिया। वर्ष 2020 में उपेंद्र शुक्ला की मृत्यु हो गई। उनके परिजनों ने भाजपा पर अनदेखी का आरोप लगाया और चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद सपा का दामन थाम लिया।

सपा में शामिल होने के बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि सुभावती गोरखपुर से उम्मीदवार हो सकती हैं। सोमवार को इस पर मुहर भी लग गई। इसी तरह प्रतापगढ़ के रानीगंज से अपना दल से विधायक और महीने भर पहले सपा में आने वाले आरके वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। आजमगढ़ की सगड़ी सीट पर भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व सह संयोजक और अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के उपाध्यक्ष डा एचएन पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। आजमगढ़ के मुबारकपुर से पूर्व जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। अखिलेश वर्ष 2012 और 2017 में भी इस सीट पर चुनाव लड़ चुके हैं। बसपा छोड़ सपा में शामिल हुईं सुषमा पटेल को मड़ियाहूं से उम्मीदवार बनाया गया है। बलिया सदर से पूर्व मंत्री नारद राय को फिर उम्मीदवार बनाया गया है। पडरौना से विक्रमा यादव को मैदान में उतारा गया है।

# पुलवामा में एक आतंकवादी ढेर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 7 फरवरी।

जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि जिले में अवंतीपुरा क्षेत्र के नंबल में सोमवार की शाम आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया।

खबर लिखे जाने तक मुठभेड़ जारी थी। इस अभियान में अवंतीपोरा पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम शामिल है। पुलिस के मुताबिक, अवंतीपोरा पुलिस को नंबल इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया गया।


फॉर्मेट सी-2
(राजनैतिक दलों के लिये वेबसाइट, सामाचार-पत्रों/टी वी में प्रकाशन हेतु
दल दवारा खडे किए गए अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा
(वर्ष 2011 की रिट याचिका(सिविल) सं0-536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं एक अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक- 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार)
रानैतिक दल का नाम – बहुजन समाज पार्टी
निर्वाचन का नाम – विधान सभा 2022
राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नाम – उत्तर प्रदेश

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | (ख) आपराधिक मामलों के दोष सिद्ध के विषय में | | |
| | | | न्यायालय नाम मामलों की सं. एवं (मामलों) की स्थिति | सम्बन्धित अधिनियमों की धाराएं और अपराध(धों) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेश(शो) की तारीख (तारीखें) | अपराध(धों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
| 1 | 200 इटावा सदर विधान सभा | कुलदीप गुप्ता | मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इटावा | अन्तर्गत धारा-3/6 प्रोविन्सेज स्पेशल पावर एक्ट 1932 मु0अप0सं0-558/2011 दण्ड वाद सं0-992/2012 | लागू नहीं होता है। | | |


# बिहार में खाली ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

गया, 7 फरवरी (भाषा)।

बिहार में एक खाली यात्री गाड़ी के दो डिब्बों के पटरी से उतर जाने से पूर्वी रेलवे के गया-धनबाद खंड पर कई घंटों तक ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहीं।

अधिकारियों ने बताया कि पहाड़पुर स्टेशन पर तड़के तब यह दुर्घटना हुई जब ट्रेन गोमा जा रही थी, लेकिन इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। गया -धनबाद संभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'ट्रेन चालक दल ने आपात ब्रेक का इस्तेमाल कर ट्रेन रोक दी। पटरी से उतर गए डिब्बों के कुछ हिस्से लाइन के करीब पहुंच गए। इससे ट्रेन आवाजाही बाधित हुई।' अधिकारी ने बताया कि उस मार्ग पर ट्रेन सेवाएं 11 बजे बहाल की जा सकीं। उनके अनुसार डिब्बों के पटरी से उतर जाने के कारण गांधीधाम-हावड़ा एक्सप्रेस, पटना-रांची जन शताब्दी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में छह से सात घंटे की देरी हुई।

# कांग्रेस को सत्ता में बनाए रखने के लिए प्रदर्शन सुधारें विधायक : गहलोत

जयपुर, 7 फरवरी (भाषा)।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को पार्टी विधायकों से अपने प्रदर्शन में सुधार करने को कहा ताकि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सत्ता बरकरार रहे।

गहलोत पार्टी व उसके समर्थक विधायकों के चिंतन शिविर को संबोधित कर रहे थे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गहलोत ने विधायकों से कहा कि उन्हें जनता के बीच जाकर अपना प्रदर्शन सुधारने की जरूरत है। पार्टी सूत्रों के अनुसार गहलोत ने कहा, 'मैं चाहता हूं कि पार्टी 2023 में फिर सरकार बनाए।

भाजपा बिना कुछ किए ही प्रचार कर रही है। और यहां इतना सारे विकास कार्यों के बावजूद प्रचार के मामले में कमी है।'


आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्यालय: 201-202, द्वितीय मंजिल, साठ्य एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

कब्जा नोटिस

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13(12) और सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13(4) सहपठित नियम 9 को नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाईनेंस आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड (पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| नेहा पारीक, अमित कुमार पारीक खाता सं. LNDHD00319-200115466 | 26 नवम्बर 2021 ₹ 2715809/- बकाया दिनांक 25 नवम्बर 2021 तक | सम्पत्ति स्थित रजि. नं. 8814, चौथी मंजिल (पेंट हाउस) भूमी बियरिंग खाता नं. 1160 की (फस्ली 1416 से 1421) खसरा नं. 501 केए स्थित मौजा देहरखस, प्रगना पछुवा दून, जिला देहरादुन क्षेत्रफल 111.48 वर्ग मीटर | सांकेतिक कब्जा दिनांक 5 फरवरी 22 |

स्थान : जयपुर दिनांक 08-2-2022 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड



भा.कृ.अ.प. – केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र – लखनऊ
ICAR - Central Soil Salinity Research Institute, Regional Research Station, Old Jail Road, P.O. Dilkusha, Lucknow - 226002
Ph.: 0522 - 2984712, Fax : 0522 - 2984713, Email : headcssrirrsl@gmail.com

फा.न.136/क्षे.अ.के.ल/21-22 (विज्ञप्ति) दिनांक : 07.02.2022

सचल/ऑनलाइन साक्षात्कार

संविदा के आधार पर एक **यंग प्रोफेशनल-I** की नियुक्ति हेतु दिनांक **21 फरवरी, 2022** को सचल/ऑनलाइन साक्षात्कार भा.कृ.अ.प.-केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, लखनऊ में निर्धारित किया गया है।
पद, अवधि, पात्रता, योग्यता, आयु, अनुभव, मानदेय इत्यादि के विस्तृत विवरण के लिए एवं सचल साक्षात्कार का माध्यम संस्थान की वेबसाइट www.cssri.res.in पर देखा जा सकता है।

(एच.एम. वर्मा)
प्रभारी प्रशासन



पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मग्मा हाउसिंग फाइनेंस लि. के तौर पर ज्ञात)
कॉर्पोरेट कार्यालय: 602, 6वीं मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, क्रमांक 79/1, घोरपडी, मुंडवा रोड, पुणे- 411036
पंजी. कार्यालय: डवेल्पमेंट हाऊस, 24 पार्क स्ट्रीट, कोलकाता 700016
POONAWALLA HOUSING
सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अधीन डिमांड नाटिस

आप सभी निम्न वर्णित कर्जदार/सह-कर्जदारों/गारंटरों ने मग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड "एमएचएफ" अब पुनः नामित पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड "पीएचएफएल" से अपनी अचल संपत्तियों को रेहन करने द्वारा संपत्ति की सुविधा के अंतर्गत मकान ऋण/ऋण प्राप्त किए है। आप द्वारा आपके ऋण की अदायगी में चूक होने पर उसे नॉन-परफॉर्मिंग असैट्स के तौर पर वर्गीकृत किया गया था। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनः निर्माण तथा प्रतिभूति ब्याज के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत बकाया राशि की वसूली के लिए अंतिम ज्ञात पतों पर डिमांड नोटिस भेजे गए थे, तथापि नोटिस अवितरित वापिस आ गए हैं इसलिए प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमों, 2020 के नियम 3(1) के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 (2) के अनुसार विषयों को प्रकाशित किया जा रहा है और अन्य वैकल्पिक सेवाओं के माध्यम से नोटिस भेजे जा रहे हैं।
धारा 13 (2) के अधीन कर्जदारों, सह-कर्जदारों, गारंटरों, प्रतिभूतियों, बकाया राशि का विवरण डिमांड नोटिस में भेजा गया है और दावाकृत राशि नीचे दिए अनुसार है।

| क्र. सं. | कर्जदार, सह-कर्जदार, गारंटर के नाम व पते तथा ऋण राशि | प्रतिभूतित परिसंपत्ति का विवरण | डिमांड नोटिस की तिथि | देय राशि रुपए में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ईर्शाद अली, बानो | प्लॉट नं. 7, खसरा नं. 1150 के हिस्सा, वार्ड- जानकीपुरम, मडियों, जानकीपुरम गार्डन, कुरसी रोड, लखनऊ, पिन 226021 के मकान की रेहन संपत्ति के सभी अनिवार्य अंग। | 08.11.2021 | ऋण सं.: HL/0043/H/15/100120 12,95,146/- रु. (केवल बारह लाख पिचानवें हजार एक सौ छियालीस रुपए) के साथ पूर्ण अदायगी तक 14.3% प्रति वर्ष आगामी ब्याज। |
| 2. | मो. मेराज, मो. सलीम | प्लॉट नं. 1 के हिस्सा, खसरा नं. 341 का हिस्सा, गाजीपुर बलराम, 60 फुट सड़क, ग्राम दाऊद नगर, वार्ड- फैजुल्लागंज, लखनऊ, पिन 226020 पर निर्मित मकान की रेहन संपत्ति के सभी अनिवार्य अंग। | 08.11.2021 | ऋण सं: HL/0043/H/18/100018 14,86,703/- रु. (केवल चौदह लाख छियासी हजार सात सौ तीन रुपए) के साथ पूर्ण अदायगी तक 13.5% प्रति वर्ष आगामी ब्याज। |
| 3. | प्रशांत कुमार गर्ग मजुंला यादव गर्ग | खसरा नं. 36, ग्राम- मादापुर, परगना- निगोहा, तहसील- मोहन लालगंज, जिला- लखनऊ, लखनऊ, पिन 226025 पर स्थित प्लॉट नं. 40 पर मकान की रेहन संपत्ति के सभी अनिवार्य अंग, सीमाबद्ध- पूर्वः प्लॉट नं. 43, पश्चिमः सड़क, उत्तरः प्लॉट नं. 41, दक्षिणः प्लॉट नं. 39 | 08.11.2021 | ऋण सं: HM/0043/H/17/100206 11,88,165/- रु. (केवल ग्यारह लाख अठासी हजार एक सौ पैंसठ रुपए) के साथ पूर्ण अदायगी तक 12% प्रति वर्ष आगामी ब्याज। |
| 4. | मनोज कुमार सुशीला | प्लॉट नं. 14, खसरा नं. 308(मिन), ग्राम- टकरोही, वार्ड- शहीद भगत सिंह, लखनऊ, लखनऊ, पिन 226016 पर मकान की रेहन संपत्ति के सभी अनिवार्य अंग, सीमाबद्ध- पूर्वः प्लॉट नं. 13, पश्चिमः चौड़ी सड़क, उत्तरः चौड़ी सड़क, दक्षिणः प्लॉट नं. 12 | 08.11.2021 | ऋण सं: HM/0043/H/18/100020 11,56,069/- रु. (केवल ग्यारह लाख छप्पन हजार उनहत्तर रुपए) के साथ पूर्ण अदायगी तक 12.5% प्रति वर्ष आगामी ब्याज। |

आप कर्जदारों/ और सह-कर्जदारों/ गारंटरों को इस नोटिस की तिथि से 60 दिनों के अंदर यहां ऊपर वर्णित बकाया राशि के साथ आगामी ब्याज की अदायगी के लिए आमंत्रित किया जाता है, जिसमें असफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी उपरोक्त वर्णित प्रतिभूतियों को प्रवर्तित करने के लिए अधिनियम के अधीन कार्यवाही करने के लिए बाध्य होगा। कृपया नोट करें कि कथित अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार आप बिना हमारी सहमति के उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों का बिक्री, पट्टे या अन्यथा द्वारा हस्तांतरण करने के लिए बाधित हैं।

कृते पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में मग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
प्राधिकृत अधिकारी

स्थानः लखनऊ
दिनांकः 08.02.2022


# मीशो के कर्मियों को कहीं से भी काम करने की स्थायी सुविधा मिली

नई दिल्ली, 7 फरवरी (भाषा)।

ई-कॉमर्स कंपनी मीशो ने अपने सभी कर्मचारियों को उनकी पसंद की जगह से काम करने की सुविधा स्थायी तौर पर देने की सोमवार को घोषणा की।

मीशो ने एक बयान में कहा कि कर्मचारी घर, दफ्तर या अपनी पसंद के किसी अन्य स्थान से भी काम कर सकते हैं। कर्मचारियों को यह सुविधा स्थायी तौर पर दी जाएगी। बेंगलुरु मुख्यालय वाली कंपनी देशभर में दफ्तर खोलने की योजना पर भी काम करेगी। नए दफ्तर खोलने के बारे में कोई भी फैसला प्रतिभाओं की मांग व उनकी संख्या के आधार पर किया जाएगा।

मीशो के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा, 'हमने इस नए दृष्टिकोण तक पहुंचने से पहले विभिन्न कामकाजी माडल का अध्ययन किया है। भविष्य में यह कामकाजी माडल दुनियाभर की प्रतिभाओं को मीशो के लिए काम करने का मौका देगा।' वर्तमान में मीशो के साथ करीब 1,700 कर्मचारी काम करते हैं। नया कामकाजी माडल सभी कर्मचारियों पर लागू होगा।

मीशो इस माडल के तहत दफ्तर से दूर रहकर काम करने वाले कर्मचारियों को तिमाही बैठकों में भौतिक रूप से शामिल होने और पर्यटन स्थलों की सालाना सैर का भी मौका देगी।


VIKALP SECURITIES LIMITED
Regd. Office: 25/38, KARACHI KHANA, KANPUR, UTTAR PRADESH-208001
CIN - L65993UP1986PLC007727, Contact No: 0512-2372665
Email id : vikalpsecuritieslimited@gmail.com
Website : www.vikalpsecurities.com
EXTRACT OF STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED ON 31st DECEMBER, 2021

Rs. In Lacs except EPS

| Sr. No. | Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | Nine Months Ended | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.12.2021 | 30.09.2021 | 31.12.2020 | 31.12.2021 | 31.12.2020 | 31.03.2021 |
| | | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Aaudited) |
| 1. | Total Income from Operations | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2. | Net Profit/(Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items) | 0.21 | -0.22 | 0.08 | -0.47 | -1.51 | -0.69 |
| 3. | Net Profit/(Loss) for the period before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 0.21 | -0.22 | 0.08 | -0.47 | -1.51 | -0.69 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax (after Exceptional and and / or Extraordinary items) | 0.21 | -0.22 | 0.08 | -0.47 | -1.51 | -0.69 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period(after Tax) and other Comprehensive Income(after Tax)] | 2.30 | -0.17 | 0.08 | 1.69 | -1.25 | 0.75 |
| 6. | Equity share capital(Face value of Rs.10/-each | 305.19 | 305.19 | 305.19 | 305.19 | 305.19 | 305.19 |
| 7. | Reserves (Excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance sheet of the Previous year | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8. | Basic and diluted EPS ( Not Annulized ) (Rs.) | | | | | | |
| | Basic | 0.01 | -0.01 | 0.00 | -0.02 | -0.05 | -0.02 |
| | Diluted | 0.01 | -0.01 | 0.00 | -0.02 | -0.05 | -0.02 |

**Note :** The above is an extract of the detailed format of Quarterly ended unaudited Financial Results of 31st December, 2021 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly and nine month ended Financial Results of 31st December, 2021 are available on the website of Bombay Stock Exchange Limited www.bseindia.com and on the website of the Company www.vikalpsecurities.com.

For **Vikalp Securities Limited**
Sd/-
Arun Kejriwal
Managing Director
DIN : 00687890

Date : 07th Feburary, 2022
Place : Kanpur